# <u>हरियाणा विधान सभा सचिवालय</u>

**ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 3**

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 3 के द्वारा, श्री अदित्य देवीलाल, विधायक प्रदेश में किसानों को डीएपी व यूरिया खाद समय पर न मिलने बारे इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहते हैं कि प्रदेश में किसानों को डीएपी, यूरिया खाद समय पर न मिलने की वजह से बहुत परेशान है। रबी फसलों की बिजाई खाद की कमी की वजह से बुरी तरह प्रभावित हुई है क्योंकि सरकार समय पर किसानों को डीएपी व यूरिया खाद उपलब्ध करवाने में विफल रही है। प्रदेश के किसान खाद न मिलने के विरुद्ध सड़कों पर धरना- प्रदर्शन करने पर मजबूर है और किसानों को कई-कई घंटों तक लाईन में खड़े रहना पड़ा है परंतु फिर भी उन्हें खाद समय पर नहीं मिल पाया। किसानों को समय पर खाद न मिलने के कारण गेहूं व सरसों की फसल को बुरा असर पड़ना लाजिमी है। सूचना के अनुसार प्लाईवुड उद्योग में टेक्निकल खाद का प्रयोग होता है और उसकी कीमत 3 हजार रूपये प्रति बैग है जबकि सब्सिडी वाले बैग कीमत लगभग 300 रुपये है, इसलिए इसकी खाद एजेंसी संचालकों की मिलीभगत से कालाबाजारी भी सामने आई है। उपरोक्त गम्भीर समस्याओं को लेकर प्रदेश की किसानों में सरकार के प्रति भारी गुस्सा व रोष व्याप्त है। अतः सरकार इस सदन में अपना वक्तव्य दें।

**ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 9**

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 9 के द्वारा, श्री आफताब अहमद, विधायक प्रदेश में किसानों को रबी की फसल की बुआई के लिए डीएपी खाद समय पर न मिलने बारे इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहते हैं कि प्रदेश में किसानों को रबी की फसल की बुआई के लिए डीएपी खाद समय पर न मिलने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में नूंह जिले के इंडरी गांव की सहकारी समिति पर डीएपी खाद आया तो वहां कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों ने किसानों को यह कहा कि जिनकी फसल ‘‘मेरा फसल मेरा ब्यौरा पर आनलॉइन रजिस्टर्ड है उनको ही खाद दिया जाएगा जिसके कारण किसानों में भारी रोष है। प्रदेश में डीएपी खाद की समस्या पिछले एक महीने से बनी हुई है। इसके अलावा सरकार के प्रतिदिन अलग-अलग आदेश भी किसानों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। आज प्रदेश में डीएपी खाद की इतनी कमी हो गई है। किसानों को ब्लैक में डीएपी खाद लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिसके कारण एक तरफ तो भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है वहीं दूसरी तरफ किसान डीएपी खाद समय पर न मिलने के कारण रबी की फसल की बुआई के लिए परेशान हो रहे है। सरकार किसानों को, डीएपी खाद देने में असफल साबित हो रही है। सरकार दावा कर रही है

कि प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है, जबकि धरातल पर स्थिति कुछ और है। अतः माननीय विधायक सरकार से निवेदन करते हैं कि वह इस संबंध में सदन में अपना वक्तव्य देकर स्थिति स्पष्ट करें ।

**ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 11**

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 11 के द्वारा, श्री जस्सी पेटवाड, विधायक डीएपी खाद की कमी बारे इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहते हैं कि हरियाणा में रबी फसल की बुवाई के सीजन के दौरान डीएपी खाद की भारी कमी से किसानों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। डीएपी खाद की बढ़ती मांग के कारण किसानों को लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, और कई जगहों पर पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया जा रहा है। यह पहली बार नहीं है कि हरियाणा में डीएपी खाद का संकट उत्पन्न हुआ है, 2021 में भी गेहूं और सरसों की बुवाई के दौरान इसी प्रकार का संकट देखा गया था, जिससे किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। खाद की कमी का गंभीर परिणामः उकलाना मंडी में जींद के नरवाना के भीखावाले गांव के राम भगत ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। अतः माननीय सदस्य सरकार से निवेदन करते हैं कि इस संबंध में सदन में अपना वक्तव्य देकर स्थिति स्पष्ट करें ।

**ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 16**

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 16 के द्वारा, श्री शीशपाल केहरवाला, विधायक ने किसानों को DAP समय पर उपलब्ध न होने बारे इस महान सदन का ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय पर दिलाना चाहते हैं कि हरियाणा में अब रबि की फसल की बुआई का समय चल रहा है, परन्तु अभी तक किसानों को DAP उपलब्ध नहीं हो पाई है, किसान सड़कों पर है। अतः मेरा अनुरोध है कि इस पर सरकार से जवाब मांगा जाए व चर्चा हो।

**STATEMENT OF SHAYAM SINGH RANA, AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE MINISTER, HARYANA**.

In reference to the calling attention no. 3 by Sh. Aditya Devilal, MLA Dabwali, 9 by Sh. Aftab Ahmed, MLA Nuh, 11 by Sh. Jassi Petwar, MLA Narnaund, and 16, by Sh. Shishpal Keharwala, MLA Kalanwali, the following statement is placed.

The Agriculture and Farmers Welfare Department, Haryana, is the administrativedepartment that arranges all kinds of fertilizers in the state and ensurestheir proper distribution as per farmers' requirements. The government of India assesses the season-wise and month-wise requirements for fertilizers. The month-wise, agency-wise supply plan is drawn and conveyed to the concerned state. The Agriculture and Farmers Welfare Department, Haryana, monitors the requirements, supplies, sales and stock position of all fertilizers, including Urea & DAP fertilizers, on a daily basis. The Government of India also reviews the supply plan with the State, including fertilizer suppliers, every Tuesday through video conferencing.

The sowing of oil seed crops is almost over, and the sowing of wheat is in full swing. Phosphatic fertilizers are used/drilled during sowing, and Urea is generally used as a top dressing in the crops. During the previous year, the sale of DAP in the Rabi season was 2 lakh 30 thousand MT and is expected to be the same in the current Rabi season2024-25. The Govt. of India has allocated 2 lakh 60 thousand MT DAP for the current Rabi season 2024-25. The October and November 2024 allocation of DAP is 2 lakh 25 thousand MT. There was a stock of 54,000 MT with the state at the onset of the Rabi season this year. One lakh 52 thousand MT DAP has been received till 16$^{th}$ November 2024. So, 2 lakh 6 thousand MT DAP fertilizer has been made available for the state to date, of which 1 lakh 86 thousand MT has already been consumed up to 15$^{th}$ November 2024. Last year, 1 lakh 65 thousand MT of DAP was consumed during the same period. So it is clear that consumption this year had been more than the previous year during the same period. 21,000 MT DAP is still available in the districts.

Farmers are not solely dependent on DAP but also use NPK and SSP fertilisers, as per their preference, to raise rabi crops. These fertilisers have also been made available to the state's farmers to ensure complete crop nutrients.

A stock of 43,000 MT NPK was available at the onset of the Rabi season.An amount of 28,000 MT NPK has been received from 01st Oct. to 15th Nov 2024. Thus, the total availability of NPK fertilisers is 71,000 MT, of which 49,000 MT has been consumed, and 22,000 MT NPK is still available in the state.

Similarly, astock of 80,000 MT SSP was available at the onset of the Rabi season.An amount of 14,000 MT SSP has been received from 01st Oct. to 15th Nov 2024. Thus, the total availability of SSP fertilisers is 94,000 MT, of which 25,000 MT has been consumed, and 69,000 MT of SSP is still available in the state. The last year's sale of Urea during the Rabi season was 11 Lakh MT. The Govt. of India has allocated 11,20,000 MT Urea for the current Rabi season 2024-25.The state had a stock of 3,98,000 MT at the onset of the Rabi season. 2,84,000 MT Urea has been received till 15th November 2024. So, 6,82,000 Lakh MT Urea fertilizer was made available in the State, of which 2,78,000 MT has already been consumed up to 15th November 2024 and 4,05,000 MT is still available.

The urea used in Plywood Industries is technical grade urea (TGU). The urea used for agriculture is Neem coated, which contains a Neem oil content of 0.035 per cent. Both types contain 46% Nitrogen. The Department carries out regular raids on unscrupulous elements to control the pilferage of agricultural-grade Urea to Plywood Industries. From 1st April 2024, nine samples of Urea were drawn from Plywood Industries. Four licenses have been suspended, and three FIRs have been registered. 150 MT of Agriculture grade Urea (AGU) has been seized.

Given the facts above, plenty of DAP and Urea fertilizers exist in the State. The state and the government of India continuously monitor the fertilizer supply. The Govt. is committed to ensuring the availability of all

fertilizers required by the farming community in the State. Regular inspections are being carried out to regulate the supply of fertilizers and ensure that the fertilizers reach genuine farmers. Strict action is being taken against the unscrupulous elements. From 1st April 2024, 185 raids have been conducted. 105 show-cause notices have been issued.21 licenses have been suspended.8 licenses have been cancelled.7 FIRs have been registered. The sale is stopped in 16 cases.

**In reference to calling attention motion no. 9, the additional statement is as under:-**

As far as district Nuh is concerned, it is informed that during the last Rabi season, from 1st October to 15th November 2023, the consumption of DAP was 2680 MT. During the current Rabi season, the consumption of DAP from 1st October to 15th November 2024 in the district is 3909 MT. The stock of DAP as of 16th November 2024 is 442 MT in the district. So,the availability of DAP from 1st October to 15th November 2024 in Nuh district has been 4351 MT. Regarding the issue of providing DAP only to the farmers registered on the MFMB portal, it is informed that the Haryana Cooperative Apex Bank Ltd. has issued a letter No. Credit/2024-25/5541 dated 02.11.2024 to provide DAP to the farmers registered on the MFMB portal in the State. These guidelines were issued to ensure that the DAP fertilizer reaches only the genuine farmers of the state/districts and that misuse of fertilizer may be avoided. In view of the above, there is no shortage of DAP fertilizers in the district as 1229 MT more DAP has been sold up to 15.11.2024 as compared to the previous Rabi season 2023-24 for the same period.

**In reference to calling attention motion 11, the additional statement is as under:-**

Sh. Jassi Petwar, MLA Narnaund, has raised the issue of the suicide of Sh. Ram Bhagat of village Bhikhewala, Tehsil Narwana, District Jind.Sh. Rambhagat committed suicide by consuming insecticide on 6th November 2024. As per the revenue records, no agricultural land is in the name of the deceased Sh. Ram Bhagat. But there are three kanal agricultural

and 125 square yards of Gair Mumkin land in his father's name, Sh. Kidar Singh. Sh. Ram Bhagat s/o Sh. Kidar Singh is not registered on the MFMB portal. It is informed that village Bhikhewala comes under Danoda PACS. From 1st October 2024 to 12.11.2024, a total of 3293 DAP bags were supplied at Danoda PACS. From 01.11.2024 to 06.11.2024, a minimum of 1200 bags of DAP were available. On 6th November 2024, the day Sh. Ram Bhagat committed suicide; 1224 bags of DAP were available, and more than 600 bags were sold on that day. On 7th November, as per the report in Uklana police station by his maternal uncle Sh. Satbir Singh, Village Kapro, District Hisar, said that Sh. Ram Bhagat was mentally disturbed. The above facts informed that the suicide by Sh. Ram Bhagat is not due to unavailability of DAP fertilizer.

**In reference to calling attention motion 16, the detailed information has been provided above**

**Steps Taken by the State Government to ensure DAP fertilizer availability**:-

1. The State Agriculture Department issued directions to all fertilizer suppliers vide letter dated 04.09.2024 to supply 40% of DAP, NPK, Urea and other Phosphatic Fertilizers to the PACS through Hafed.
2. The State Government made special efforts for timely supply and to get more fertilizer from the Govt. of India. The proper distribution in the State is also reviewed from time to time at the highest level of the government. The review by the state is done almost daily at the level of the minister/ACS of the department. The Department is in continuous touch with the concerned officials of the Govt. of India regularly. Thus, the availability, sale and stock position of major fertilizers is being monitored regularly on a daily basis with the field staff, GoI and the fertilizer supplier companies. As part of the above efforts, the following letters have been written by the government and department to the Ministry of Chemical and Fertiliser in the Govt. of India:-
   - Vide D.O Letter dated 26.09.2024, the Chief Minister, Haryana, requested the Union Minister, Chemical and Fertilizer, New Delhi, to ensure the supply of DAP fertilizer.
   - Vide D.O Letter dated 20.10.2024, the Chief Minister, Haryana, requested the Union Minister, Chemical and Fertilizer, New Delhi, for adequate supply against the allocated quantity of DAP fertilizer to the State for October and November.
   - Chief Minister Haryana had talked to the Union Minister, Chemical and Fertilizer, New Delhi, multiple times over the phone and during physical meetings to ensure that the state gets the required DAP fertiliser in a timely manner.
   - Vide D.O Letter dated 20.09.2024, the Additional Chief Secretary, Agriculture and Farmers Welfare, requested the Secretary, Fertiliser to the Govt. of India to ensure adequate supply against the allocated quantity of DAP fertilizer to the State during October and November.

- Vide D.O Letter dated 14.10.2024, the Additional Chief Secretary, Agriculture and Farmers Welfare, again requested the Secretary to the Govt. of India to ensure adequate supply against the allocated quantity of DAP fertilizer to the State during the month of October and November.
- In addition, the Director of Agriculture and other officers of the department had written multiple letters to the Ministry of Fertiliser regarding the subject.

3. The availability of fertilizers throughout the state is also being monitored continuously at the district levels. Video Conferences have been conducted by the Chief Secretary and the Additional Chief Secretary, Agriculture and Farmers Welfare, with the Deputy Commissioners on this subject. The Deputy Directors of Agriculture, along with staff of the Agriculture Department, have been directed to assist DCs in monitoring the availability and distribution of the fertilizer in the districts. The Deputy Commissioners have been directed to ensure as under:-

- 40% of the DAP, NPK, Urea and other Phosphatic Fertilizers should be supplied in PACS through Hafed.
- Ensure strict steps are taken so that no fertilizer goes to the neighbouring states.
- The Deputy Commissioners will get the stocks checked and the PoS updated in the Fertilizer Monitoring System (FMS).
- Strict directions have been issued to stop black marketing and pilferage of fertilizers.

There is no shortage of any type of fertilizers in Haryana in the current Rabi 2024-25 season. The State Govt. and Govt. of India are working together to ensure the availability of fertilizers. The availability and sale of DAP has been more than last year. Therefore, the issues raised about DAP and urea fertilizer are baseless and are political.

## हरियाणा विधान सभा सचिवालय

**ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 3**

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 3 के द्वारा, श्री अदित्य देवीलाल, विधायक प्रदेश में किसानों को डीएपी व यूरिया खाद समय पर न मिलने बारे इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहते हैं कि प्रदेश में किसानों को डीएपी, यूरिया खाद समय पर न मिलने की वजह से बहुत परेशान है। रबी फसलों की बिजाई खाद की कमी की वजह से बुरी तरह प्रभावित हुई है क्योंकि सरकार समय पर किसानों को डीएपी व यूरिया खाद उपलब्ध करवाने में विफल रही है। प्रदेश के किसान खाद न मिलने के विरुद्ध सड़कों पर धरना- प्रदर्शन करने पर मजबूर है और किसानों को कई-कई घंटों तक लाईन में खड़े रहना पड़ा है परंतु फिर भी उन्हें खाद समय पर नहीं मिल पाया। किसानों को समय पर खाद न मिलने के कारण गेहूं व सरसों की फसल को बुरा असर पड़ना लाजिमी है। सूचना के अनुसार प्लाईवुड उद्योग में टेक्निकल खाद का प्रयोग होता है और उसकी कीमत 3 हजार रूपये प्रति बैग है जबकि सब्सिडी वाले बैग कीमत लगभग 300 रुपये है, इसलिए इसकी खाद एजेंसी संचालकों की मिलीभगत से कालाबाजारी भी सामने आई है। उपरोक्त गम्भीर समस्याओं को लेकर प्रदेश की किसानों में सरकार के प्रति भारी गुस्सा व रोष व्याप्त है। अतः सरकार इस सदन में अपना वक्तव्य दें।

**ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 9**

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 9 के द्वारा, श्री आफताब अहमद, विधायक प्रदेश में किसानों को रबी की फसल की बुआई के लिए डीएपी खाद समय पर न मिलने बारे इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहते हैं कि प्रदेश में किसानों को रबी की फसल की बुआई के लिए डीएपी खाद समय पर न मिलने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में नूंह जिले के इंडरी गांव की सहकारी समिति पर डीएपी खाद आया तो वहां कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों ने किसानों को यह कहा कि जिनकी फसल ‘‘मेरा फसल मेरा ब्यौरा पर आनलॉइन रजिस्टर्ड है उनको ही खाद दिया जाएगा जिसके कारण किसानों में भारी रोष है। प्रदेश में डीएपी खाद की समस्या पिछले एक महीने से बनी हुई है। इसके अलावा सरकार के प्रतिदिन अलग-अलग आदेश भी किसानों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। आज प्रदेश में डीएपी खाद की इतनी कमी हो गई है। किसानों को ब्लैक में डीएपी खाद लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिसके कारण एक तरफ तो भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है वहीं दूसरी तरफ किसान डीएपी खाद समय पर न मिलने के कारण रबी की फसल की बुआई के लिए परेशान हो रहे है। सरकार किसानों को, डीएपी खाद देने में असफल साबित हो रही है। सरकार दावा कर रही है

कि प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है, जबकि धरातल पर स्थिति कुछ और है। अतः माननीय विधायक सरकार से निवेदन करते हैं कि वह इस संबंध में सदन में अपना वक्तव्य देकर स्थिति स्पष्ट करें ।

**ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 11**

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 11 के द्वारा, श्री जस्सी पेटवाड, विधायक डीएपी खाद की कमी बारे इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहते हैं कि हरियाणा में रबी फसल की बुवाई के सीजन के दौरान डीएपी खाद की भारी कमी से किसानों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। डीएपी खाद की बढ़ती मांग के कारण किसानों को लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, और कई जगहों पर पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया जा रहा है। यह पहली बार नहीं है कि हरियाणा में डीएपी खाद का संकट उत्पन्न हुआ है, 2021 में भी गेहूं और सरसों की बुवाई के दौरान इसी प्रकार का संकट देखा गया था, जिससे किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। खाद की कमी का गंभीर परिणामः उकलाना मंडी में जींद के नरवाना के भीखावाले गांव के राम भगत ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। अतः माननीय सदस्य सरकार से निवेदन करते हैं कि इस संबंध में सदन में अपना वक्तव्य देकर स्थिति स्पष्ट करें ।

**ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 16**

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 16 के द्वारा, श्री शीशपाल केहरवाला, विधायक ने किसानों को DAP समय पर उपलब्ध न होने बारे इस महान सदन का ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय पर दिलाना चाहते हैं कि हरियाणा में अब रबि की फसल की बुआई का समय चल रहा है, परन्तु अभी तक किसानों को DAP उपलब्ध नहीं हो पाई है, किसान सड़कों पर है। अतः मेरा अनुरोध है कि इस पर सरकार से जवाब मांगा जाए व चर्चा हो।

**हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा का वक्तव्य।**

डबवाली के विधायक श्री आदित्य देवीलाल द्वारा ध्यानाकर्षण संख्या 3, नूंह के विधायक श्री आफताब अहमद द्वारा ध्यानाकर्षण संख्या 9, नारनौंद के विधायक श्री जस्सी पेटवाड़ द्वारा ध्यानाकर्षण संख्या 11 तथा कालांवाली के विधायक श्री शीशपाल केहरवाला द्वारा ध्यानाकर्षण संख्या 16 के संदर्भ में निम्नलिखित वक्तव्य प्रस्तुत है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा, राज्य में सभी प्रकार के खाद की व्यवस्था करने तथा किसानों की आवश्यकताओं के अनुसार उनके उचित वितरण के लिए प्रशासनिक रूप से सक्षम है। भारत सरकार खादों की मौसमवार एवं माहवार आवश्यकताओं का आकलन करती है। माहवार, एजेंसीवार आपूर्ति योजना तैयार कर संबंधित राज्य को भेजी जाती है। हरियाणा का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग प्रतिदिन यूरिया एवं डीएपी एवं अन्य खादों की आवश्यकताओं, आपूर्ति, बिक्री एवं स्टॉक स्थिति की निगरानी करता है। भारत सरकार भी प्रत्येक मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद आपूर्तिकर्ताओं सहित राज्य के साथ आपूर्ति योजना की समीक्षा करती है।

तिलहन फसलों की बुवाई लगभग समाप्त हो चुकी है तथा गेहूं की बुवाई जोरों पर है। बुवाई के दौरान फॉस्फेटिक खादों का उपयोग/ड्रिल किया जाता है तथा यूरिया का उपयोग आमतौर पर फसलों में छिड़काव के रूप में किया जाता है। पिछले वर्ष रबी सीजन में डीएपी की बिक्री 2 लाख 30 हजार मीट्रिक टन थी और चालू रबी सीजन 2024-25 में भी इतनी ही बिक्री होने की उम्मीद है। भारत सरकार ने चालू रबी सीजन 2024-25 के लिए 2 लाख 60 हजार मीट्रिक टन डीएपी आवंटित किया है। डीएपी का अक्टूबर और नवंबर 2024 का आवंटन 2 लाख 25 हजार मीट्रिक टन है। इस वर्ष रबी सीजन की शुरुआत में राज्य के पास 54,000 मीट्रिक टन का स्टॉक था। 16 नवंबर 2024 तक 1 लाख 52 हजार मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त हुई है। इस प्रकार, राज्य के लिए अब तक 2 लाख 6 हजार मीट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध कराया गया है, जिसमें से 15 नवंबर 2024 तक 1 लाख 86 हजार मीट्रिक टन की खपत हो चुकी है। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 1 लाख 65 हजार मीट्रिक टन डीएपी की खपत हुई थी। इससे यह स्पष्ट है कि इस वर्ष इसी अवधि के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में खपत अधिक रही है। जिलों में अभी भी 21,000 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है।

किसान केवल डीएपी पर ही निर्भर नहीं हैं, बल्कि रबी की फसल उगाने के लिए अपनी पसंद के अनुसार एनपीके (NPK) और सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) खादों का भी उपयोग करते हैं। फसल के संपूर्ण पोषक तत्व सुनिश्चित करने के लिए ये खाद भी राज्य के किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं।

रबी सीजन की शुरुआत में 43,000 मीट्रिक टन एनपीके का स्टॉक उपलब्ध था। 01 अक्टूबर से 15 नवंबर 2024 तक 28,000 मीट्रिक टन एनपीके की मात्रा प्राप्त हुई है। इस प्रकार, एनपीके खादों की कुल उपलब्धता 71,000 मीट्रिक टन है, जिसमें से 49,000 मीट्रिक टन की खपत हो चुकी है और 22,000 मीट्रिक टन एनपीके अभी भी राज्य में उपलब्ध है।

इसी प्रकार, रबी सीजन की शुरुआत में 80,000 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) का स्टॉक उपलब्ध था। 01 अक्टूबर से 15 नवंबर 2024 तक 14,000 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) की मात्रा प्राप्त हुई है। इस प्रकार, सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) खादों की कुल उपलब्धता 94,000 मीट्रिक टन है, जिसमें से 25,000 मीट्रिक टन की खपत हो चुकी है और राज्य में अभी भी 69,000 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) उपलब्ध है।

पिछले साल रबी सीजन के दौरान यूरिया की बिक्री 11 लाख मीट्रिक टन थी। भारत सरकार ने चालू रबी सीजन 2024-25 के लिए 11,20,000 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित किया है। रबी सीजन की शुरुआत में राज्य में 3,98,000 मीट्रिक टन का स्टॉक था। 15 नवंबर 2024 तक 2,84,000 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हो चुका है। इस प्रकार, राज्य में 6,82,000 लाख मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध कराया गया है, जिसमें से 15 नवंबर, 2024 तक 2,78,000 मीट्रिक टन की खपत हो चुकी है और 4,05,000 मीट्रिक टन अभी भी उपलब्ध है।

प्लाईवुड उद्योगों में इस्तेमाल होने वाला यूरिया, टेक्निकल ग्रेड यूरिया (टीजीयू) है। कृषि के लिए इस्तेमाल होने वाला यूरिया नीम कोटेड होता है, जिसमें नीम तेल की मात्रा 0.035 प्रतिशत होती है। दोनों प्रकार के यूरिया में 46 प्रतिशत नाइट्रोजन होता है। प्लाईवुड उद्योगों में कृषि-ग्रेड यूरिया की चोरी को नियंत्रित करने के लिए विभाग बेईमान तत्वों पर नियमित छापेमारी करता है। 1 अप्रैल, 2024 से प्लाईवुड उद्योगों से यूरिया के नौ नमूने लिए गए। चार लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, और तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं। 150 मीट्रिक टन कृषि ग्रेड यूरिया (एजीयू) जब्त किया गया है।

उपरोक्त तथ्यों को देखते हुए, राज्य में डीएपी और यूरिया खाद प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। राज्य और भारत सरकार खाद आपूर्ति की निरंतर निगरानी करती हैं। सरकार राज्य में कृषक समुदाय द्वारा आवश्यक सभी खादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। खादों की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं कि खाद वास्तविक किसानों तक पहुँचें। बेईमान तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। 1 अप्रैल, 2024 से 185 छापे मारे गए हैं। 105 कारण बताओ नोटिस

जारी किए गए हैं। 21 लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। 8 लाइसेंस रद्द किए गए हैं। 7 एफआईआर दर्ज की गई हैं। 16 मामलों में बिक्री रोक दी गई है।

**ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या 9 के संदर्भ में अतिरिक्त वक्तव्य इस प्रकार हैः-**

जहां तक जिला नूंह का संबंध है, यह सूचित किया जाता है कि पिछले रबी सीजन के दौरान 1 अक्टूबर से 15 नवंबर, 2023 तक डीएपी की खपत 2680 मीट्रिक टन थी। वर्तमान रबी सीजन के दौरान 1 अक्टूबर 2024 से 15 नवंबर 2024 तक डीएपी की उपलब्धता 4351 मीट्रिक टन है। जिले में दिनांक 1 अक्टूबर 2024 से अब तक डीएपी की खपत 3909 मीट्रिक टन है तथा दिनांक 16 नवंबर 2024 को जिले में वर्तमान स्टॉक 442 मीट्रिक टन है। जहां तक केवल मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल (MFMB) पर पंजीकृत किसानों को ही डी.ए.पी. उपलब्ध कराने का प्रश्न है, यहां अवगत कराया जाता है कि हरियाणा सहकारी शीर्ष बैंक लिमिटेड ने राज्य में मेरी फसल मेरा ब्यौरा (MFMB) पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को डी.ए.पी. उपलब्ध कराने के लिए पत्र संख्या क्रेडिट/2024-25/5541 दिनांक 02 नवंबर 2024 जारी किया है। यह दिशा-निर्देश यह सुनिश्चित करने के लिए जारी किए गए हैं कि डी.ए.पी. खाद केवल जिलों के वास्तविक किसानों तक ही पहुंचे तथा खाद के दुरुपयोग से बचा जा सके। उपरोक्त के मद्देनजर, जिले में डी.ए.पी. खादों की कोई कमी नहीं है क्योंकि इसी अवधि के लिए पिछले रबी सीजन 2023-24 की तुलना में 15 नवंबर 2024 तक 1229 मीट्रिक टन अधिक डी.ए.पी. किसानों द्वारा खरीदी गई है।

**ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या 11 के संदर्भ में अतिरिक्त वक्तव्य इस प्रकार हैः-**

श्री जस्सी पेटवाड़, विधायक नारनौंद द्वारा लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव क्रमांक 11 के संदर्भ में श्री राम भगत, गांव भीखेवाला, तहसील नरवाना, जिला जींद की आत्महत्या का प्रश्न है, उन्होंने दिनांक 06 नवंबर 2024 को कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार मृतक श्री राम भगत के नाम पर कोई जमीन नहीं है। लेकिन उनके पिता श्री किदार सिंह के नाम पर 3 कनाल कृषि तथा 125 गज गैर मुमकिन जमीन है। श्री राम भगत पुत्र श्री किदार सिंह मेरी फसल मेरा ब्यौरा (MFMB) पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं। यहां यह भी सूचित किया जाता है कि गांव भीखेवाला दनौदा पैक्स के अंतर्गत आता है। 1 अक्टूबर 2024 से 12 नवंबर 2024 तक दनौदा पैक्स में कुल 3293 डीएपी बैग की आपूर्ति की गई है। दिनांक 01 नवंबर 2024 से 06 नवंबर 2024 तक कम से कम 1200 बैग DAP उपलब्ध थे। कभी-कभी 1500 बैग से भी अधिक उपलब्ध था। दिनांक 6 नवंबर 2024 को जब श्री राम भगत ने आत्महत्या की, उस दिन 1224 बैग DAP उपलब्ध था और उस दिन 600 बैग से अधिक की बिक्री हुई थी। दिनांक 07 नवंबर 2024 को उकलाना थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार उनके मामा, श्री सतबीर सिंह, गाँव कापड़ो, जिला

हिसार ने बताया कि श्री राम भगत मानसिक रूप से परेशान थे। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि श्री राम भगत की आत्महत्या का कारण डीएपी की अनुपलब्धता नहीं है।

**ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या 16 के संदर्भ में विस्तृत जानकारी ऊपर उपलब्ध करवा दी गई है।**

**राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमः-**

1. राज्य कृषि विभाग ने पत्र दिनांक 04.09.2024 के माध्यम से सभी खाद आपूर्तिकर्ताओं को निर्देश जारी किए कि वे डीएपी, एनपीके, यूरिया और अन्य फॉस्फेटिक उर्वरकों का 40 प्रतिशत हैफेड के माध्यम से पैक्स को आपूर्ति करें।

2. राज्य सरकार ने समय पर आपूर्ति और भारत सरकार से अधिक खाद प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। राज्य में उचित वितरण की समीक्षा भी समय-समय पर सरकार के उच्चतम स्तर पर की जाती रही है। राज्य द्वारा समीक्षा, विभाग के मंत्री/अतिरिक्त मुख सचिव के स्तर पर प्रतिदिन की जाती है। कृषि विभाग हरियाणा, भारत सरकार के संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में है। इस प्रकार, प्रमुख खादों की उपलब्धता, बिक्री और स्टॉक की स्थिति की नियमित रूप से राज्य सरकार, भारत सरकार और खाद आपूर्तिकर्ता कंपनियों के साथ प्रतिदिन निगरानी की जा रही है। उपरोक्त प्रयासों के तहत सरकार एवं विभाग द्वारा भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय को निम्नलिखित पत्र लिखे गए हैं-

● डी.ओ. पत्र दिनांक 26.09.2024 के तहत मुख्यमंत्री, हरियाणा ने केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री, नई दिल्ली से डी.ए.पी. खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

● डी.ओ. पत्र दिनांक 20.10.2024 के तहत मुख्यमंत्री, हरियाणा ने केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री, नई दिल्ली से अक्टूबर एवं नवंबर माह के लिए राज्य को आवंटित डी.ए.पी. खाद की पूर्ण आपूर्ति करने का अनुरोध किया।

● मुख्यमंत्री हरियाणा ने राज्य को आवश्यक डी.ए.पी. खाद समय पर उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री, नई दिल्ली से कई बार फोन पर एवं बैठकों के दौरान अनुरोध किया गया है।

● अतिरिक्त मुख्य सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण द्वारा दिनांक 20.09.2024 को अपने पत्र के माध्यम से भारत सरकार के उर्वरक सचिव से अक्टूबर और नवंबर के दौरान राज्य को डीएपी खाद की पर्याप्त मात्रा आवंटित करने हेतु अनुरोध किया गया।

● अतिरिक्त मुख्य सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण द्वारा दिनांक 14.10.2024 को भी अपने पत्र के माध्यम से भारत सरकार के उर्वरक सचिव से अक्टूबर और नवंबर के दौरान राज्य को डीएपी खाद की पर्याप्त मात्रा आवंटित करने हेतु अनुरोध किया गया।

● इसके अलावा, कृषि निदेशक और विभाग के अन्य अधिकारियों ने इस विषय के संबंध में उर्वरक मंत्रालय को कई पत्र लिखे गये।

3. पूरे राज्य में खादों की उपलब्धता की जिला स्तर पर भी लगातार निगरानी की जा रही है। इस विषय पर मुख्य सचिव तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण द्वारा उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की गई है। कृषि उप निदेशकों को कृषि विभाग के कर्मचारियों के साथ जिलों में खाद की उपलब्धता और वितरण की निगरानी में उपायुक्तों की सहायता करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्तों को निम्नलिखित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं-

- डीएपी, एनपीके, यूरिया और अन्य फॉस्फेटिक खादों का 40 प्रतिशत हैफेड के माध्यम से पैक्स में आपूर्ति किया जाना चाहिए।
- यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी खाद पड़ोसी राज्यों में न जाए, इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।
- उपायुक्त अपने जिलों में खाद के स्टॉक की जांच करवाएंगे और खाद निगरानी प्रणाली (एफएमएस) में पीओएस (PoS) को अपडेट करेंगे।
- खादों की कालाबाजारी और चोरी को रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं।

हरियाणा में वर्तमान रबी 2024-25 मौसम में किसी प्रकार की खाद की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार के साथ समय-समय पर तालमेल के साथ डीएपी की उपलब्धता एवं बिक्री गत वर्ष से अधिक रही है। अतः डीएपी एवं यूरिया खाद बारे उठाए गए मुद्दे निराधार व राजनीति से ओत-प्रोत हैं।